हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 18 अप्रैल 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 स्लॉट बुक नहीं होने से किसान हो रहे परेशान, खरीदी की ...



05 गर्ल्स कॉलेज को मिलेगा आधुनिक भवन 10 करोड़...



## त्रुटि सुधार

**होशंगाबाद।** गत 17 अप्रैल के अंक में नपाध्यक्ष पंकज चौरे के द्वारा वार्ड में पानी निकासी कार्य का निरीक्षण किया गया था। 'हरिभूमि' में उक्त खबर के शीर्षक में त्रुटि वश नपाध्यक्ष का सरनेम गलत लिखा गया है। तकनीकी रूप से यह त्रुटि हुई है। इसे सुधार कर समाचार आज के अंक में प्रकाशित कर रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### संतों के सानिध्य में चला वृहद सफाई अभियान

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था भाऊ साहब भुस्कुटे स्मृतिलोक न्यास गोविंद नगर के आह्वान पर शुक्रवार को नर्मदा तट के पंछी घाट उमरधा पर वृहद साफ-सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान सुबह 7 बजे से 10 बजे तक संत ध्रुव दास त्यागी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान मप्र जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक सुखवती वर्मा भी उपस्थित रहीं। अभियान का संचालन भाऊ साहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास के ग्राम विकास प्रभारी ओमकार सिंह राजपूत की योजना अनुसार किया गया।

### भीमा अहिरवार हत्याकांड के मुख्य आरोपी के घर चला जेसीबी का पंजा

# पुलिस ने भीमा के हत्यारे को सलाखों के पीछे भेजा, खंडहर बनाया ठिकाना

शहर के में मामूली से विवाद में हुई हत्या मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया वहीं आरोपी के घर पर जेसीबी चलाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के सूरजगंज क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। घर के सामने बाथरूम बनाने जैसी छोटी सी बात पर शुरू हुई बहस में एक युवक की जान चली गई। हालांकि, प्रशासन ने इस जघन्य अपराध पर त्वरित कार्रवाई करते हुए न केवल आरोपी को सलाखों के पीछे भेजा, बल्कि उसके अवैध साम्राज्य पर बुलडोजर चलाकर कड़ा संदेश भी दिया है।

**अपराधियों में खौफ पैदा करना मकसद**

मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि इटारसी में गुंडागर्दी और जघन्य अपराध बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। बुलडोजर की यह गूँज उन सभी के लिए चेतावनी है जो कानून को हाथ में लेने की जुर्रत करते हैं।



### प्रशासन का बुलडोजर न्याय

हत्याकांड के बाद शहर में उपजे जनाक्रोश और मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन सख्त मोड में आ गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नरेंद्र उर्फ तोबा को गिरफ्तार कर जेल भेजा। लेकिन कार्रवाई यहीं नहीं रुकी, गुरुवार को नगर पालिका की टीम और भारी पुलिस बल सूरजगंज पहुंचा। आरोपी द्वारा किए गए अवैध निर्माण को चिन्हित कर प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया। देखते ही देखते हत्या के आरोपी का घर मलबे में तब्दील हो गया।

### मिर्ची झोंकी और फिर सीने में उतार दिया चाकू

घटना बुधवार दोपहर करीब 4 बजे की है। सूरजगंज बस डिपो के सामने रहने वाल भीमा अहिरवार और नरेंद्र अहिरवार उर्फ तोबा के बीच घर के सामने बाथरूम निर्माण को लेकर विवाद शुरू हुआ। मृतक की परिजन ज्योति अहिरवार के अनुसार, विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी नरेंद्र ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। आरोपी ने पहले भीमा की आंखों में मिर्ची झोंक दी ताकि वह खुद को बचा न सके और फिर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। यह पूरी खौफनाक वारदात भीमा की भतीजी की आंखों के सामने हुई, जो चीखती रही लेकिन आरोपी नहीं रुका।

### प्रशासनिक प्रक्रिया का पालन

प्रशासन ने कार्रवाई से पहले बकायदा कानूनी प्रक्रिया का पालन किया। नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा 16 अप्रैल 2026 को ही आरोपी के परिजनों (मीराबाई/रामसिंह अहिरवार) के नाम नोटिस (क्रमांक 110/नपाइ/2026) जारी कर दिया गया था। नोटिस में साफ तौर पर उल्लेख था कि सूरजगंज बस डिपो के पास वार्ड 27/30 में किया गया पक्का निर्माण नगर पालिका अधिनियम 1961 के प्रावधानों का उल्लंघन और अवैध अतिक्रमण की श्रेणी में आता है। प्रशासन ने 24 घंटे के अंदर स्वयं अतिक्रमण हटाने या दस्तावेज प्रस्तुत करने की मोहलत दी थी, जिसके समाप्त होते ही आज बुलडोजर की कार्रवाई की गई।

### अस्पताल पहुंचने से पहले ही थम गई सांसें

घायल भीमा को लहूलुहान हालत में तत्काल डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरकारी अस्पताल ले जाया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉ. हेमंत यादव ने बताया कि जब युवक को अस्पताल लाया गया, तो उसकी जांघ और सीने पर गहरे जख्म थे। अत्यधिक खून बह जाने के कारण उपचार शुरू होने से पहले ही भीमा की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया वहीं उसके ठिकाने पर भी बुल्डोजर चलाकर उसका ठिकाना तहस नहस कर दिया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे

## अड़ीबाजी: नशे के लिए मांगे 6 हजार, मना करने पर मारा चाकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की तवा कॉलोनी गेट के पास बुधवार देर रात अड़बाजी और जानलेवा हमले की एक गंभीर वारदात सामने आई है। नशे के लिए पैसे न देने पर तीन बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। बचाव करने आए उसके साथी को भी चोटें आई हैं।

### क्या है पूरा मामला?

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना 15 अप्रैल 2026 की रात करीब 11:45 बजे की है। कैलाश बहार कॉलोनी निवासी आयुष मसीह 26 अपने साथी तौफीक शेख के साथ तवा कॉलोनी गेट के आगे रोड से गुजर रहे थे। तभी पुरानी इटारसी के तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया।

आरोपियों ने तौफीक शेख को घेरकर गाली-गलौज शुरू कर दी और गांजा पीने के लिए 6,000 की मांग की। जब तौफीक ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपियों ने अड़बाजी दिखाते हुए उस पर चाकू से वार कर दिए।

### बीच-बचाव में दोस्त भी घायल

अपने दोस्त को बचाने के लिए जब आयुष मसीह बीच में आया, तो हमलावरों ने उस पर भी वार किया, जिससे आयुष की उंगली में गंभीर चोट आई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। फरयादी आयुष की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी रवि पथरोट, चंदन पथरोट और हितेंद्र उर्फ हित्तू ठाकुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### अवैध शराब बेचते पकड़ाया युवक पुलिस ने घर पर दी दबिश

**इटारसी।** क्षेत्र में अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पथरौटा पुलिस ने ग्राम जमानी में कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने घर से ही शराब का अवैध कारोबार संचालित कर रहा था। पथरौटा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना के आधार पर एसआई गणेश मालवीय और पुलिस टीम ने ग्राम जमानी स्थित आरोपी के घर पर दबिश दी। पुलिस ने रात 10:39 बजे मामला पंजीबद्ध किया है। पुलिस ने मौके से आरोपी राजकुमार (31), पिता कमल सिंह उईके , निवासी ग्राम जमानी को हिरासत में लिया।

## 'क्वीन' आफिया और वंशिका का नेशनल में चयन, हरियाणा में दिखाएंगी अपना दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

खेल के मैदान में इटारसी की बेटियों ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल की होनहार छात्राएं आफिया अली और वंशिका पाल का चयन 'स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' के अंतर्गत आयोजित अंडर-17 बालिका प्री-नेशनल क्रिकेट कोचिंग कैंप के लिए हुआ है।

यह उपलब्धि न केवल उनके विद्यालय बल्कि पूरे शहर के लिए ऐतिहासिक है। दोनों खिलाड़ी आगामी 29 अप्रैल से 3 मई 2026 तक हरियाणा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगी। आफिया और वंशिका का यह चयन उनके कठिन परिश्रम, मैदान पर बहाए गए पसीने और क्रिकेट के प्रति अटूट जुनून का परिणाम है।



उनकी इस शानदार सफलता पर विद्यालय परिवार, खेल प्रेमियों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। अब पूरा शहर अपनी इन लाडलियों को राष्ट्रीय स्तर पर चमकते हुए देखने का इंतजार कर रहा है।

## मूंग चोरी मामला: इटारसी की बालाजी इंडस्ट्रीज के संचालक पर एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बाबई के चीलाचोन स्थित एकलव्य वेयरहाउस से चोरी हुई 2000 क्विंटल मूंग के मामले में अब राजनीति गरमा गई है। इस चोरी के माल को अवैध रूप से खरीदने के आरोपी, इटारसी की बालाजी इंडस्ट्रीज के संचालक पंकज अग्रवाल पर कार्रवाई की मांग को लेकर युवा कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने जिला पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की।

### चोरी का माल खरीदने वाला भी होता है चोर

युवा कांग्रेस के नेताओं ने पुलिस



अधीक्षक के समक्ष अपना कड़ा पक्ष रखते हुए कहा कि 'चोरी का माल खरीदने वाला भी कानून की नजर में चोर ही होता है।' प्रतिनिधिमंडल ने सवाल उठाया कि जब चोरी करने वाले मुख्य आरोपियों पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है, तो चोरी का माल खरीदने वाले उद्योगपति पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

### मंडी टैक्स चोरी का भी आरोप

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि पुलिस जांच में पहले ही यह स्पष्ट हो चुका है कि चोरी की गई 2000 क्विंटल मूंग इटारसी स्थित बालाजी इंडस्ट्रीज में बेची गई थी। इस अवैध खरीद-फरोख्त में बड़े पैमाने पर मंडी टैक्स की भी चोरी की गई है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि साक्ष्य सामने होने के बावजूद प्रशासन कार्रवाई करने में ढुलमुल रवैया अपना रहा है।

### आंदोलन की चेतावनी

युवा कांग्रेस ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बालाजी इंडस्ट्रीज के मालिक पंकज अग्रवाल पर एफआईआर दर्ज कर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### एसपी ने दिया आश्वासन

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि प्रकरण में बारीकी से जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही जांच पूरी कर दोषियों के विरुद्ध उचित धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### प्रतिनिधिमंडल में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य रूप से युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव प्रतीक मालवीय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस और विक्रमादित्य तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव पर निकाली विशाल वाहन रैली, शहर भर में गूंजे जयघोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भगवान विष्णु के छठे अवतार एवं विप्र समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जी के प्राकट्य उत्सव के अवसर पर शुक्रवार शाम शहर में भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। सर्व ब्राह्मण समाज एवं परशुराम सेना, के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या में समाज के युवा, बच्चे, वरिष्ठजन एवं महिला शक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। करणी सेना एवं राजपूत समाज के युवाओं ने भी सामाजिक सद्भाव का परिचय देकर रैली में हिस्सा लिया।

रैली का शुभारंभ सीपीई गेट खेड़ापति मंदिर से हुआ, जो पुरानी



इटारसी ओवरब्रिज, इटारसी थाना, नीलम होटल चौराहा, आर.एम.एस. चौराहा, जयस्तंभ चौक, सराफा बाजार नवमी लाइन, न्यास कॉलोनी, लाल ग्राउंड रोड, सूरजगंज चौराहा होते हुए पुनः जयस्तंभ चौक पर समापन के साथ सम्पन्न हुई।

रैली का जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं स्वागत कर नागरिकों ने अभिनंदन किया। आयोजन का नेतृत्व परशुराम सेना के संरक्षक जितेंद्र ओझा द्वारा किया गया। वाहन रैली के संयोजक दिनेश उपाध्याय, शैलेन्द्र दुबे एवं प्रकाश दुबे रहे।

इस अवसर पर पीयूष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। रैली संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें धर्म, साहस और अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है।

## अक्षय तृतीया पर इटारसी में जुटेगा चौरिया कुर्मी समाज का महाकुंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदांचल चौरिया कुर्मी समाज सेवा समिति द्वारा समाज का 15वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन इस वर्ष भी भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है। जिला स्तरीय इस बड़े आयोजन के लिए कृषि उपज मंडी परिसर, इटारसी को मुख्य आयोजन स्थल चुना गया है, जहां करीब 25 हजार लोगों के जुटने की संभावना है। समाज के अध्यक्ष शंभू दयाल पटेल ने बताया कि आयोजन को अंतिम रूप देने के लिए प्रतिनिधिमंडल ने मंडी सचिव प्रशांत पांडे से मुलाकात की और कार्यक्रम स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान संयोजक ग्राम घुघवासा के प्रतिनिधियों सहित समाज के अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे।

## इटारसी में 'स्कूल चले हम' अभियान के तहत शिक्षकों ने किया घर-घर जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासन के निर्देशानुसार शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से संचालित 'स्कूल चले हम' अभियान के अंतर्गत पी.एम. श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सूरजगंज के शिक्षकों ने अनूठी पहल की है। बुधवार को विद्यालय के स्टाफ ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझाया और छात्राओं के नामांकन के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य सतीश खलखो के नेतृत्व में शिक्षकों की विभिन्न टोलियों ने शहर की गरीबी लाइन, सूरजगंज, न्यास कॉलोनी और ओझा बस्ती जैसे क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान शिक्षकों ने घर-घर



जाकर अभिभावकों से भेंट की और उन्हें सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं, छात्रवृत्ति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बारे में जानकारी दी। शिक्षकों ने विशेष रूप से कन्या शिक्षा पर जोर देते हुए अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों का प्रवेश शासकीय कन्या उ.मा. वि. सूरजगंज में कराएं। जनसंपर्क के दौरान अभिभावकों को बताया गया कि विद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

इस महत्वपूर्ण अभियान में शाला प्राचार्य सतीश खलखो, प्रधान पाठक महेश रायकवार सहित शिक्षक विनय सोनिया, ओ.पी. तिवारी, पूरन रजक, बृजेश जाटव, दीपक तेकाम और आदित्य बड़कुर ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## सांसद चौधरी की पहल पर देखा संसद का सीधा नजारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संसद में महिला सशक्तीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होने वाले 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के पारित होने की ऐतिहासिक कार्यवाही को देखने के लिए नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र की महिला प्रतिनिधि दिल्ली पहुचीं। क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी के विशेष आमंत्रण और अनुशंसा पर क्षेत्र की पांच महिलाओं को संसद की कार्यवाही प्रत्यक्ष रूप से देखने का गौरव प्राप्त हुआ। संसद के इस गरिमामयी सत्र में होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमुख महिलाओं में ललिता पुर्विया, प्रदेश सह-कार्यालय मंत्री, महिला मोर्चा जागृति भदौरिया मंडल अध्यक्ष, महिला मोर्चा, वंदना दुबेः वरिष्ठ भाजपा नेत्री, नीतू यादवः नगर पालिका अध्यक्षशामिल रहीं। इस दौरान नेत्रीयों ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व और सांसद के प्रयासों की सराहना।

### नपाध्यक्ष ने जल निकासी व्यवस्था निरीक्षण किया

## जलभराव से मुक्ति होगी: नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर को जलभराव की समस्या से मुक्त रखने और वर्षा ऋतु में आमजन को सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद इटारसी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। स्वच्छता और जनसुविधा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने गुरुवार सुबह 08:30 बजे सूरजगंज स्थित एफसीआई परिसर निरीक्षण किया।

### समाधान की ओर कदम

सूरजगंज और आसपास के वार्डों की जल निकासी व्यवस्था काफी हद तक एफसीआई परिसर के भीतर स्थित मुख्य नाले पर निर्भर है। विगत वर्षों के अनुभवों को देखते



हुए चौरे ने इस बार समय से पूर्व ही ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि नाले में जमा गाद और कचरे के कारण पानी का प्रवाह बाधित हो सकता है।

## मातृशक्ति को समर्पित दूसरे दिन मैदान पर बेटियों ने दिखाया दम



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदांचल फुटबॉल लीग के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता 'विधायक कप' का द्वितीय दिवस पूरी तरह महिला सशक्तिकरण और मातृशक्ति को समर्पित रहा। खेल के मैदान पर जहाँ खिलाड़ियों ने अपने कौशल से दर्शकों को रोमांचित किया, वहीं मंच पर विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित महिलाओं की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई। प्रतियोगिता के दूसरे दिन नागपुर, पांढुर्णा, हरदा, आमला और पिपरिया जैसी टीमों के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिले।

महिला वर्ग में पांढुर्णा बनाम पिपरिया के बीच हुआ जिसमें पांढुर्णा विजेता रहा। दूसरे मैच में बैतूल बनाम हरदा में हरदा विजेता रहा। तीसरे मैच में नर्मदावैली बनाम बनखेड़ी के बीच हुआ जिसमें विजेता नर्मदावैली टीम रही।

### स्वगणना पोर्टल के माध्यम से कलेक्टर ने किया स्व-पंजीयन

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शुक्रवार को भारत सरकार द्वारा संचालित स्वगणना पोर्टल के माध्यम से अपनी स्वगणना करते हुए आवश्यक जानकारी दर्ज की तथा एसई आईडी प्राप्त की। इस दौरान जिला जनगणना प्रभारी आयुषी यादव ने कलेक्टर को स्वगणना प्रक्रिया के तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया। कलेक्टर मिश्रा ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि आगामी जनगणना 2027 के अंतर्गत इस बार स्व-गणनाकी सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं, जिससे प्रक्रिया अधिक सरल और सुविधाजनक हो गई है। उन्होंने बताया कि स्वगणना की यह सुविधा 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगी।

**खबर संक्षेप**

## शासकीय उमावि कोलगांव का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम



**बैतूल/कोलगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोलगांव के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हाल ही में मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में बेहतर स्थान हासिल किया है। विद्यालय का कक्षा 10वी का परीक्षा परिणाम 97.4 प्रतिशत तथा कक्षा 12वी परीक्षा परिणाम 96.47 प्रतिशत रहा। कक्षा 10 वीं में खुशी उमेश लिल्होरे ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिया वामनकर एवं स्नेहा खाकरे ने 91 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में गणित संकाय की छात्रा नित्या रमेश धाकड़ ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अर्जुन वटी ने 86.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा स्वेच्छा बारपेटे ने 84.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पाया। विद्यालय के प्राचार्य बीआर पोटफोडे एवं समस्त स्टाफ ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सुबह 7:30 से दोपहर 12 बजे तक लगेंगी कक्षाएं

**बैतूल।** जिले में ग्रीष्मकाल में बढ़ते तापमान को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे द्वारा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिले में संचालित सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय तथा माध्यमिक शिक्षा मण्डल से संबद्ध विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। अब नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के सभी विद्यालय प्रातः 7:30 से दोपहर 12:00 बजे तक संचालित किए जाएंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पूर्व निर्धारित परीक्षाएं अपने तय समय-सारणी के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त ऐसे अशासकीय विद्यालय, जो पहले से ही प्रातः 7:30 बजे से पूर्व संचालित हो रहे हैं, उनके संचालन समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया।

## ज्ञानोदय इंग्लिश स्कूल भौंरा का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम

**भौंरा।** बोर्ड परीक्षाओं के घोषित परिणामों में क्षेत्र के निजी विद्यालयों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। ज्ञानोदय इंग्लिश स्कूल, भौंरा के साथ ही गुड सैफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल, मोतिढाना शाहपुर के विद्यार्थियों ने भी बेहतर अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। ज्ञानोदय इंग्लिश स्कूल, भौंरा में कक्षा 10वीं में पार्थ साहू ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आर्यन दुबे 89.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं जिगर सोनी 88.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 8वीं में शुभम नामदेव ने 90.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कार्तिक राठौर 89.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं जयकुमार भलावी 88.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 5वीं में जैकलीन कावरे ने 88.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

### सैटेलाइट इमेजिंग और पटवारी के गिरदावरी डेटा के बीच अंतर

# स्लॉट बुक नहीं होने से किसान हो रहे परेशान, खरीदी की रफ्तार धीमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिले में गेहूं की सरकारी खरीदी जारी है, लेकिन किसानों को अपनी ही फसल बेचने के लिए सोसायटी और तहसील के चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसका मुख्य कारण सैटेलाइट इमेजिंग और पटवारी के गिरदावरी डेटा के बीच का अंतर है। शासन ने इस बार पारदर्शिता के लिए सैटेलाइट डेटा अनिवार्य कर दिया है, लेकिन फील्ड स्तर पर विसंगतियों के कारण सत्यापन की प्रक्रिया किसानों के लिए गले की फांस बन गई है। वर्तमान में जब किसान स्लॉट बुक कर रहा है, तब उसे पता चल रहा है कि उसका डाटा मिसमैच है। दरअसल सेटेलाइट के माध्यम से हुई गिरदावरी में कई बार फसल की पहचान गलत हो जाती है। उदाहरण के लिए यदि किसान ने खेत के एक हिस्से में सरसों और बड़े हिस्से में गेहूं बोया है, तो तकनीक कभी-कभी पूरे रकबे को अन्य फसल में दिखा देती है। इससे गेहूं बेचने के लिए पंजीकृत रकबा कम या शून्य हो जाता है। इस खामी को देखते हुए शासन ने निर्देश दिए हैं कि जिन किसानों के डेटा में विसंगति है, उनका भौतिक सत्यापन पटवारी करेंगे। अब समस्या यह आ रही है कि पटवारियों ने जो डेटा सारा ऐप पर फोटो खींचकर अपलोड किया है, उसी को दोबारा प्रतिवेदन के साथ सत्यापित करना पड़ रहा है। इस दोहरी प्रक्रिया और सर्वर डाउन होने से समय लग रहा है।

### लिखित प्रतिवेदन की अनिवार्यता से भी बढ़ी परेशानी

बताया जा रहा है कि पटवारियों को अब लिखित में प्रतिवेदन भी देना पड़ रहा है। जब तक यह प्रतिवेदन सोसायटी और पोर्टल पर अपडेट नहीं होता, तब तक किसान का स्लॉट बुकिंग नहीं हो पा रहा है। किसानों का कहना है कि तकनीकी खामी, सत्यापन प्रक्रिया खरीदी शुरू होने से पहले ही पूरी कर ली जानी चाहिए थी। अब किसानों को डर है कि स्लॉट बुक न होने से सरकारी खरीदी की तारीख न निकल जाए। इस चक्कर से बचने के लिए कई किसान मजबूरी में अपनी उपज व्यापारियों को औने-पौने दामों पर बेच रहे है।

### सिर्फ छोटे किसानों के ही हो रहे स्लॉट बुक

पहले गेहूं खरीदी में देरी से किसान परेशान थे। अब स्लॉट बुक नहीं होने से किसानों को चिंता सताने लगी है। मंडी में गेहूं के दाम नहीं मिलने से किसान सरकारी खरीदी में गेहूं बेचने का इंतजार कर रहे हैं। वहां भी 5 एकड़ से कम रकबे के स्लॉट बुक हो रहे हैं। वहीं सैटेलाइट वेरिफिकेशन में किसानों के पंजीयन भी रिजेक्ट हो रहे हैं। इसके चलते स्लॉट बुकिंग नहीं हो पा रहे है। बता दे कि इस बार गेहूं खरीदी के लिए 18969 किसानों ने पंजीयन करवाए हैं। किसानों का कहना है कि पहले खरीदी शुरू करने में देरी की। अब शुरू की तो सैटेलाइट वेरिफिकेशन किया जा रहा है। दरअसल पंजीयन के बाद सैटेलाइट वेरिफिकेशन करवाने के पीछे गड़बड़ी की आशंका है।

### 18969 किसानों का पंजीयन अब तक 2752 स्लॉट बुक

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए इस बार बड़ी संख्या में किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। बताया जा रहा है कि गेहूं बेचने के लिए 18969 किसानों ने पंजीयन कराया है। जबकि अब तक 2752 किसानों ने स्लॉट बुक कराये है। अधिकारियों का कहना है कि स्लॉट बुक कराने में कुछ परेशानिया आ रही है। इस वजह से कम संख्या में किसान खरीदी केन्द्र पहुंच रहे है। जैसे-जैसे स्लॉट बुक होंगे, खरीदी की रफ्तार में तेजी आयेगी। फिलहाल जिन किसानों ने स्लॉट बुक करवाये है, उनसे गेहूं खरीदी की जा रही है। इन किसानों में छोटे किसान शामिल है। इसके बाद बड़े किसानों से गेहूं की खरीदी की जायेगी।

### 10 अप्रैल से शुरुआत, 31 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी

जिले में 10 अप्रैल से गेहूं की खरीदी शुरू की गई है। वैसे 9 अप्रैल को जिले के शाहपुर और मुलताई मंडी में बनाये गये खरीदी केंद्र पर समर्थन मूल्य में गेहूं खरीदी की शुरुआत कर दी गई थी। वहीं 10 अप्रैल से जिले के अन्य केंद्रों पर खरीदी शुरू की गई। जिले में गेहूं खरीदी के लिए 64 केन्द्र बनाये गये है। इसमें से अभी 48 केंद्रों पर 940 किसानों द्वारा 31 हजार क्विंटल गेहूं बेचा गया है। शेष खरीदी केन्द्रों पर अभी किसान उपज लेकर नहीं पहुंचे है। जिससे इन केंद्रों पर खरीदी का आंकड़ा शून्य है। हालांकि जिन केंद्रों पर अभी खरीदी का खाता नहीं खुला है, उन केन्द्रों पर भी जल्द ही खरीदी शुरू होने की बात कही जा रही है।

### 2625 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं का समर्थन मूल्य

इस साल शासन द्वारा 2625 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं की समर्थन मूल्य में की जानी है। इसमें गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये तय किया गया है, जबकि 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा सरकार ने की है। जिसकी वजह से इस साल जिले के अधिकतर किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं की उपज बेचने के लिए पंजीयन कराया है। बताया जा रहा है कि इस साल जिले के 18969 किसानों ने पंजीयन कराया है। बीते साल जिले में 25719 मेट्रिक टन गेहूं की खरीदी हुई थी। इसे देखते हुए इस साल जिले को 26 हजार मेट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य मिला है। हालांकि इस साल अधिक गेहूं की आवक होने की संभावना है। इसलिए जिला स्तर से 60 हजार मेट्रिक टन का लक्ष्य तय किया गया है।

**इनका कहना है**

सैटेलाइट वेरीफिकेशन लगभग पूरा हो गया है। एक-दो दिन में स्लॉट बुक होना शुरू हो जायेगे। अभी तक 48 खरीदी केन्द्रों पर 940 किसानों से 31 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है।

**- कृष्ण कुमार टेकाम,**
जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, बैतूल

### आधुनिक कृषि यंत्रों का मिलेगा लाभ

# ग्राम सर्रा में निजी कस्टम हायरिंग केन्द्र की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



मुलताई विकासखंड के ग्राम सर्रा में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने और ग्रामीण रोजगार सृजन के उद्देश्य से निजी कस्टम हायरिंग केन्द्र की स्थापना की गई। आयोजित कार्यक्रम में कृषि अभियांत्रिकी विभाग बैतूल के सहायक कृषि यंत्री डॉ. प्रमोद कुमार मीणा एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुलताई के शाखा प्रबंधक श्री अक्षय द्वारा हितग्राही श्री ओम सूर्यवंशी के निवास पर संयुक्त निरीक्षण कर केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस कस्टम हायरिंग केन्द्र के माध्यम से किसानों को ट्रैक्टर, प्लाऊ, रोटावेटर, सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, रेज्ड बेड प्लांटर, मल्टीक्रॉप थ्रेशर, ट्रॉली, ट्रैक्टर रीपर, कल्टीवेटर एवं स्ट्रॉ रीपर जैसे आधुनिक कृषि यंत्र किराए पर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे खेती कार्य आसान और लागत कम होगी। सहायक कृषि यंत्री डॉ. प्रमोद कुमार मीणा ने बताया कि योजना के तहत हितग्राही को कुल लागत पर 40 प्रतिशत तक अधिकतम 10 लाख रुपये का अनुदान प्रदान किया जाता है। इच्छुक किसान कृषि अभियांत्रिकी विभाग की वेबसाइट पर आवेदन कर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। कार्यक्रम में तकनीकी शाखा प्रभारी इंद्रभान सिंह एवं तकनीकी सहायक तुषार राठौर सहित ग्राम के कृषक जय सूर्यवंशी, श्याम सुंदर, गंगाधर सोलंकी, रामकिशोर, प्रहलाद पवार, मनीष गढ़ेकर, रमेश, मोहन पवार, बस्तीराम धुर्वे एवं सतीश ठाकुर शामिल रहे।

# दुकानों से अमानक पॉलीथिन जब्त, तीन दुकानदारों पर जुर्माना

### सिंगलयूज पॉलीथिन पर पूरी तरह प्रतिबंध का होगा पालन



**सारनी।** शहर में सिंगल यूज पॉलीथिन पूरी तरह से प्रतिबंधित है। बावजूद इसके दुकानदार अमानक स्तर के पॉलीथिन का उपयोग कर रहे हैं। इसे लेकर नगर पालिका की टीम ने गुरुवार देर शाम शॉपिंग सेंटर में पॉलीथिन जब्ती अभियान चलाया। जांच में तीन दुकानों से अमानक पॉलीथिन मिली। इन पर जुर्माना लगाया गया है। स्वच्छ भारत अभियान के निकाय नोडल अधिकारी केके भावसार ने बताया कि अमानक पॉलीथिन प्रचलन की जानकारी मिलने पर गुरुवार देर शाम शॉपिंग सेंटर सारणी में उक्त कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि तीन दुकानों में अमानक स्तर की पॉलीथिन बैग जब्त की गई हैं। कुल 4.5 किलोग्राम पॉलीथिन जब्त किया गया है। इन दुकानदारों पर 1 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दोबारा पॉलीथिन मिलने पर जुर्माना चार गुना वसूला जाएगा। उक्त कार्यवाही में राजस्व उप निरीक्षक हितेश शाक्य, राजेश वागद्रे, अमित नकवाल सहित अन्य नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित थे।उन्होंने बताया कि पाथाखेड़ा, शोभापुर, बगडोना के मार्केट एरिया में भी कार्यवाही प्रस्तावित है। सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलीथीन पर सतत कार्यवाही की जाएगी। दुकानदारों पर जुर्माना लगाया जाएगा। जुर्माना 500 रुपए से 5 हजार रुपए तक हो सकता हैं। इसके अलावा पॉलीथीन के थोक विक्रेताओं के स्टॉक की जांच भी की जाएगी। अमानक पॉलीथिन मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम ने आम लोगों से भी आग्रह किया है कि वे बाजार जाते समय थैला लेकर जाए। साथ ही पॉलीथिन का उपयोग कम से कम करे। सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे डिस्पोजल ग्लास, प्लोट, कटोरी, चम्मच, थर्माकोल की थाली, कटोरी का उपयोग ना करें। इसके विक्रेताओं से भी पत्ते अथवा कागज के बने ग्लास, थाली बेचने का आग्रह किया है। उल्लंघन करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### बच्चों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

# नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता की पाठशाला का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



नगर पालिका परिषद बैतूल की स्वच्छता टीम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत आज नगर पालिका सीएमओ नवनीत पांडे के निर्देशन में एलएफएस स्कूल बैतूल में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया, जिसमें स्वच्छता की ब्रांड एंबेसेडर श्रीमती नेहा गर्ग, स्वच्छता निरीक्षक संतोष धनेलिया, स्कूल मैनेजमेंट स्टाफ, क्लास टीचर, ओम साई विजन टीम एवं बच्चे उपस्थित रहे।

पाठशाला में स्वच्छता निरीक्षक श्री धनेलिया ने बच्चों को स्वच्छता की जानकारी दी। गीले एवं सूखे कचरे की जानकारी दी। श्रीमती नेहा गर्ग ने घरों से निकलने वाले कबाड़ को कैसे पुनः उपयोग किया जाए कि जानकारी दी और स्वयं के निवास पर कबाड़ से बनाए गए विभिन्न गमलों में पौधे लगाने के बारे में बताया और यह भी बताया कि ऐसी छोटी-छोटी चीजों का उपयोग कर आप अपने घर में भी रख सकते हैं। स्कूल के वरिष्ठ व्याख्याता जीपी भट्ट ने अपने उद्बोधन में स्वच्छता को लेकर शाला के विद्यार्थियों को कई जानकारी दी और शाला प्रांगण और अपने घर को भी स्वच्छ रखने की भी अपील की है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वच्छता की शपथ ली कि सभी अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखेंगे। कार्यक्रम में अतिथियों के अलावा ओम साई विजन टीम के लवीश परदेशी, आशीष गलफट, मयूर सोनटक्के, दीपक शर्मा, पवन पवार, पुनीत साहू आदि रहे मौजूद।

# नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के तहत वार्ड स्तर पर संगोष्ठी



**सारनी।** नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को सभी वार्डों के आंगनबाड़ी केंद्रों में नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, एल्डरमैनगण, अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं की मौजूदगी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महिलाओं ने इसमें बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 10 से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नोडल अधिकारी केके भावसार ने बताया कि शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 को वार्ड स्तर पर संगोष्ठियों का आयोजन संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों में किया गया। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, पार्षदगण, एल्डरमैनगण, जनप्रतिधिगण एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं के अलावा वार्ड की महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम प्रभारी मनोज परते, निधि मेरावी के अलावा नगर पालिका की ओर से वार्ड स्तर पर तैनात कर्मचारियों ने महिलाओं को नारी शक्ति वंदन की जानकारी दी। इस अवसर पर सभी वार्डों के पार्षदगणों ने हिस्सा लिया। पखवाड़े के तहत 21 अप्रैल को नगर पालिका कार्यालय में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत सार्वजनिक शौचालयों, पिंग टॉयलेट के संचालन महिला समूहों के माध्यम से कराने के नवाचार की जानकारी दी जाएगी। इसके लिवा पी.एम. स्वनिधि योजना के तहत महिला स्ट्रीट वेंडरों को ऋण उपलब्ध कराने के शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने पात्र महिला हितग्राहियों से उक्त शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# पुरानी रंजिश में पूर्व सीआरपीएफ जवान की पीट-पीटकर हत्या, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### जमीन विवाद के दस साल पुराने झगड़े में हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




बरसाली गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक पूर्व सीआरपीएफ जवान की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यह घटना शुक्रवार सुबह हुई। मृतक की पहचान हमलापुर निवासी बाबूराव सातनकर के रूप में हुई है, जो वर्ष 2014 में सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त हुए थे। जानकारी के अनुसार, बाबूराव शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे बरसाली स्थित अपने खेत पर गए थे।

इसी दौरान उनका ओमप्रकाश यादव और उसके कुछ साथियों से विवाद हो गया। आरोप है कि तीनों आरोपियों ने मिलकर बाबूराव पर लकडिय़ों से हमला किया और बेरहमी से पिटाई की। गंभीर रूप से घायल बाबूराव को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया था। हालांकि, उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गांव में जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मुख्य आरोपी ओमप्रकाश यादव को हिरासत में ले लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। टीआई नीरज पाल ने बताया कि इस मामले में ओमप्रकाश के अलावा तीन नामजद और एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि बाबूराव और आरोपी पक्ष के बीच करीब 10-12 साल पहले जमीन को लेकर विवाद हुआ था। यह मामला कोर्ट तक पहुंचा था, जिसमें फैसला बाबूराव के पक्ष में आया था। आरोप है कि इसी पुरानी रंजिश के चलते यह वारदात हुई। जानकारी के मुताबिक, ओमप्रकाश पहले बाबूराव की जमीन पर बटाईदार था, लेकिन बाद में बाबूराव ने उससे बटाई वापस ले ली थी, जिससे वह नाराज था। वहीं, वर्ष 2014 में भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें बाबूराव ने ओमप्रकाश को गोली मार दी थी और उसके माता-पिता के साथ मारपीट की थी। मामले में बाबूराव को सजा हुई थी और वे करीब तीन साल जेल में भी रहे थे। बाबूराव के परिवार में एक 25 वर्षीय बेटी और 30 वर्षीय बेटा है। परिजनों का कहना है कि जमीन विवाद तो शांत हो चुका था, लेकिन पुरानी मारपीट की रंजिश के चलते आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# व्यक्ति की आईसीयू में इलाज के दौरान मौत

### पुलिस ने पहचान के लिए मोबाइल नंबर किया जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल-सारणी स्टेट हाइवे पर ग्राम मेहकर के पास घायल अवस्था में मिले एक अज्ञात व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, जिसके बाद पुलिस ने आम नागरिकों से उसकी शिनाख्त में सहयोग की अपील की है। जानकारी के अनुसार, यह व्यक्ति कुछ समय पहले ग्राम मेहकर के समीप गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला था। स्थानीय लोगों की सूचना पर उसे तत्काल घोड़ाडोंगरी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद, उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया गया था। जिला अस्पताल बैतूल में उसे आईसीयू में भर्ती किया गया था, जहां डॉक्टरों की टीम लगातार उसका इलाज कर रही थी। हालांकि, तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी और उपचार के दौरान ही उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के पास से कोई पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज नहीं मिले हैं, जिसके कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। अस्पताल चौकी पुलिस ने शव को सुरक्षित रखवा दिया है और उसकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को इस अज्ञात मृतक के बारे में कोई जानकारी हो या उनका कोई परिचित लापता हो, तो वे तत्काल अस्पताल चौकी में संपर्क करें। जानकारी साझा करने के लिए मोबाइल नंबर 6260832771 जारी किया गया है। पुलिस का कहना है कि नागरिकों के सहयोग से मृतक की पहचान जल्द से जल्द की जा सकेगी, जिसके बाद आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रगणक पर्यवेक्षकों को मैदानी कार्य से पहले दिया प्रशिक्षण

**बैतूल।** जिले में जनगणना 2027 को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे तथा जिला जनगणना अधिकारी वंदना जाट के निर्देशानुसार प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 15 से 17 अप्रैल तक जिले में ग्रामीण चार्ज अंतर्गत तहसील आमला, आठनेर, बैतूल, भैंसदेही, भीमपुर, घोड़ाडोंगरी, मुलताई, प्रभातपट्टन तथा शाहपुर में आयोजित कर जनगणना कार्य से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अंतर्गत फील्ड ट्रेनर्स द्वारा 733 प्रगणकों एवं 124 पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में प्रतिभागियों को जनगणना का परिचय, कानूनी प्रावधान, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की भूमिका एवं कर्तव्यों सहित आवश्यक अवधारणाओं एवं परिभाषाओं की जानकारी दी गई। साथ ही एचएलओ मोबाइल एप के प्रभावी उपयोग (यूटिलिटी) एवं उसकी विशेषताओं से अवगत कराया गया। द्वितीय दिवस में एचएलओ एप के 33 प्रश्नों के संकलन की शैली, अवधारणाओं एवं परिभाषाओं पर गहन प्रशिक्षण दिया गया तथा एप के माध्यम से डेटा संकलन एवं सत्यापन की प्रक्रिया बताई गई। तृतीय दिवस में ₹क्या करें एवं क्या न करें₹ तथा डेटा सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### मक्का उठाव में लापरवाही पर मंडी सचिव को दिया नोटिस

# 20 अप्रैल तक मक्का उठाव नहीं करने पर व्यापारियों के होंगे लाइसेंस निरस्त



**बैतूल।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देश पर मण्डी भारसाधक एवं एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह ने कृषि उपज मंडी बैतूल में मक्का के चौकड़ों और माल के समय पर उठाव को लेकर शुक्रवार को व्यापारियों की एसडीएम कार्यालय में बैठक ली। इस दौरान नीलामी के बाद मक्का के उठाव में हो रही देरी से मंडी में उत्पन्न अव्यवस्थाओं पर गंभीर चर्चा हुई। एसडीएम डॉ.सिंह ने व्यापारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समयसीमा में हर हाल में माल का उठाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने व्यापारियों को 20 अप्रैल 2026 की शाम तक का अंतिम समय दिया है। यदि इस अवधि में मंडी परिसर से मक्का का उठाव नहीं होता है, तो संबंधित व्यापारियों के लाइसेंस निरस्त करने, क्रय-विक्रय पर रोक लगाने सहित अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मंडी परिसर में 24 घंटे के भीतर माल उठाव सुनिश्चित करना मंडी प्रशासन एवं मंडी सचिव की जिम्मेदारी है। इस संबंध में लापरवाही पाए जाने पर एसडीएम डॉ.सिंह ने मंडी सचिव श्री सुरेश परते को 15 अप्रैल 2026 को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने निर्देशित किया कि यदि भविष्य में निर्धारित समयावधि तक मंडी प्रांगण से चौकड़ों का उठाव सुनिश्चित नहीं किया गया, तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करते हुए दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी तथा शासन को होने वाली क्षति की वसूली मंडी सचिव के वेतन से की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### नीर पखेरू अभियान का आयोजन

**माखन नगर।** शासकीय प्राथमिक शाला घोड़ानार में शुक्रवार को जल गंगा संवर्धन योजना के अंतर्गत नीर पखेरू अभियान का आयोजन किया गया। बच्चों ने रैली निकाली ग्रामीणों को जागरूक किया और जगह स्लोगन लिखे कार्यक्रम में जनशिक्षा केंद्र से cac ब्रजेश त्रिवेदी जी के मार्गदर्शन में सरपंच प्रतिनिधि जगदीश यादव द्वारा बच्चों को सकोरे वितरित किए गए तथा शाला में पक्षियों के लिए सकोरे ओर पक्षी घर वितरित किया गया जिसमें शाला के शिक्षक और बच्चे तथा ग्रामीण जन उपस्थिति रहे।

### डांडीवाड़ा रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**इटारसी।** नर्मदापुरम जिले के केसला थाना क्षेत्र अंतर्गत डांडीवाड़ा डाउन रेलवे ट्रैक के पास गुरुवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही केसला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है। केसला थाना पुलिस के अनुसार, 16 अप्रैल 2026 को प्राप्त मेमो के आधार पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लिया है। प्रथम दृष्टया पुलिस का अनुमान है कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त हो सकता है। फिलहाल शव को पहचान और पोस्टमार्टम हेतु डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल, इटारसी में सुरक्षित रखवाया है। पुलिस के अनुसार अनुमानित उम्र करीब 30 वर्ष, कद 5 फीट 6 इंच दाहिने हाथ की कलाई पर अंग्रेजी में मुन्नी कुमार गुदा हुआ है।

### स्थल निरीक्षण में दिखी नगर पालिका अध्यक्ष की सक्रियता, निर्माण की दिशा तय

# गर्ल्स कॉलेज को मिलेगा आधुनिक भवन 10 करोड़ की लागत से होगा निर्माण कार्य

शहर के कन्या महाविद्यालय में 10 करोड़ की लागत से बनने वाले भवन का कांट्रेक्टर और अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान नपाध्यक्ष ने निर्माण की गुणवत्ता, भविष्य की जरूरतों और व्यवस्थाओं को लेकर मौके पर ही दिशा-निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



नगर में कन्या महाविद्यालय के नए भवन निर्माण को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में एमपीबीडीसी के अधिकारियों, कॉन्ट्रैक्टर एवं तकनीकी टीम द्वारा बीज निगम परिसर में सेंट्रल स्कूल के पीछे प्रस्तावित स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य उमेश धुर्वे एवं नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन की विशेष उपस्थिति रही। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन की सक्रियता स्पष्ट रूप से देखने को मिली, जहां उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता, भविष्य की जरूरतों और व्यवस्थाओं को लेकर मौके पर ही दिशा-निर्देश दिए।

#### दो मंजिला अत्याधुनिक भवन में मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह भवन प्रारंभिक चरण में दो मंजिला होगा। प्रस्तावित डिजाइन के अनुसार इसमें आधुनिक कक्षाएं, प्रयोगशालाएं एवं कॉन्फ्रेंस हॉल का निर्माण किया जाएगा। भवन को नवीनतम तकनीक और सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे छात्राओं को उच्च स्तरीय शैक्षणिक वातावरण प्राप्त हो सके।

स्थल की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए निर्माण में जलभराव की समस्या से बचाव के लिए विशेष ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने इस विषय पर विशेष ध्यान देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की जल निकासी समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए अभी से प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

#### भविष्य के विस्तार को ध्यान में रखकर बनेगा मजबूत आधार

निरीक्षण के उपरांत आयोजित चर्चा में नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने स्पष्ट रूप से कहा कि आने वाले समय में महाविद्यालय भवन में दो से तीन अतिरिक्त मंजिलों का निर्माण संभव है। ऐसे में वर्तमान निर्माण कार्य को इस प्रकार किया जाए कि भवन का बेस मजबूत और दीर्घकालिक हो, ताकि भविष्य में विस्तार कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए।

#### अधिकारियों और तकनीकी टीम की रही उपस्थिति

इस अवसर पर एमपीबीडीसी के मैनेजर मोहित जाटव, कॉन्ट्रैक्टर संजय नरकुम, आर्किटेक्ट सुनील बुंदेला, प्राचार्य उमेश धुर्वे एवं नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने निर्माण कार्य को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

#### छात्राओं को मिलेगा बेहतर और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण

कन्या महाविद्यालय के नए भवन के निर्माण से क्षेत्र की बेटियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सुरक्षित और प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, जिससे शिक्षा के स्तर में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है।

#### परिवार की भी सक्रिय भूमिका

कालेज की स्वीकृति मिलने के बाद से ही संस्कृति परिवार द्वारा इस परियोजना को साकार करने में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाई गई है। भवन के लिए उपयुक्त स्थान चयन से लेकर विभिन्न आवश्यक प्रक्रियाओं एवं समन्वय में संस्कृति परिवार का विशेष योगदान रहा है। संस्था के सदस्यों ने लगातार प्रयास करते हुए शीघ्र निर्माण और व्यवस्था कराने में सहभागिता निभाई

## स्टेट हाईवे पर जल भराव समस्या, नहीं हो रहा समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में सीएम राइस स्कूल के समीप स्टेट हाईवे पर जल भराव समस्या तीन वर्षों से है। नागरिक परेशान हैं तथा दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस स्थिति में भी स्थानीय प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है।

क्षेत्रीय नागरिकों ने इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की है। नागरिकों ने बताया कि बारिश के मौसम में चंद मिनिटों की बरसात होने पर हाईवे पर लगभग 100 मीटर लंबाई क्षेत्र में पानी जमा होने लगेगा। पानी भरा होने के कारण बाईकर्स हाईवे पर बने गड्ढों में बाइक सहित गिरते हैं। साइकिल से स्कूल आने जाने वाले विद्यार्थी भी पानी में गिर जाते हैं। शहर के नागरिकों के अनुसार स्थानीय प्रशासन जन आग्रह के बाद भी समस्या का समाधान नहीं कर पा रहा है। सड़क निर्माण विभाग एवं स्थानीय निकाय के बीच दो वर्ष पूर्व तक चिट्ठी लेखन तो हुआ, लेकिन परिणाम नहीं मिल रहे हैं और समस्या अभी भी बनी हुई है।

### श्यामप्रसाद मुखर्जी कांप्लेक्स में निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग

**सोहागपुर।** सोहागपुर शहर के मुख्य बाजार स्थित श्यामाप्रसाद मुखर्जी कांप्लेक्स में हो रहे एक निर्माण पर रोक की मांग का एक आवेदन शहरवासी रामबाबू सराठे पुत्र सीताराम सराठे निवासी इंद्रा वार्ड ने सोहागपुर नप सीएमओ को दिया है। सराठे के पत्र में उल्लेख है कि कांप्लेक्स में दुकानदार रियाज शाह पुत्र नियाज शाह द्वारा अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण प्रथम तल पर दुकानदारों और ग्राहकों को असुविधा होती है। पत्र के अनुसार पूर्ण निर्माण होने पर स्थाई रूप से आवागमन में बाधा उत्पन्न होगी। क्योंकि वह स्थान एक गली के रूप में दिया गया था जिसमें प्रथम तल वाले सभी दुकानदार ऊपर आ जा सकें। लेकिन रियाज शाह द्वारा नियम विरूद्ध निर्माण कार्य किया जा रहा है। आवेदक रामबाबू सराठे के अनुसार सोहागपुर नप द्वारा बैठक में प्रस्ताव स्वीकृत कर यदि निर्माण की अनुमति दी गई है, तो प्रस्ताव को जनहित में तत्काल निरस्त कर किये जा रहे निर्माण पर शीघ्र रोक लगाने का आदेश पारित करें।

## गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति ने लगाई जल चौपाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गूजरवाड़ा ने सेक्टर क्रमांक - 04 में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण ₹जल स्त्रोत सेवा संगमम अभियान के अंतर्गत ग्राम गूजरवाडा. में जल चौपाल एवं जल संरक्षण शपथ का आयोजन किया गया जिसमें विकासखंड समन्वयक नरेंद्र देशमुख द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि जल को सहेजना जल का संरक्षण करना एवं प्रकृति का संरक्षण करना हम सभी का मूल कर्तव्य है। नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराजसिंह यादव अपने विचार रखते हुए कहा कि जल बिना हमारा जीवन अधूरा है इसका संरक्षण करने के लिए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के साथ मिलकर कार्य करें।

## भारत की जनगणना शुरू, शिक्षक-शिक्षिकाओं प्रगणकों व सुपरवाईजर को दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र के निवासी प्रत्येक व्यक्ति से मिलकर ऐतिहासिक जनगणना कार्य करने हेतु शिक्षक शिक्षिकाओं, प्रगणकों सुपरवाइजर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दिया जा रहा है। तहसीलदार वैभव बैरागी को प्रभारी बनाया गया है। प्रशिक्षण महाअभियान मे गणना खंड बनाए गए हैं। पहली बार डिजीटल गणना की जा रही है। प्रगणकों सुपरवाइजर को लेकर जिम्मेदारी सौंप दी गई है। प्रथम चरण में प्रदीप शर्मा भी आर सी सी विनय मोहन शर्मा प्राचार्य हांडियां को प्रशिक्षण महाअभियान के प्रभारी बनाया गया है। प्रथम चरण का प्रशिक्षण 15अप्रेल से प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षण महाअभियान मे सहभागी बने हैं। मनोज पाण्डेय , डाल सिंह आकरे, प्रमोद रघुवंशी मनीष जैन को बताया गया है।याद रहे यही लोग चुनाव से लेकर एस आई आर जनगणना कार्य जैसे में हमेशा प्रशिक्षण महाअभियान मे सहभागी बने हैं।कुल मिलाकर 218प्रगणक 37सुपर वाइजर फील्ड ट्रेनर 5प्रगणक 71 12सुपरवाइजर ने प्रशिक्षण लिया है। प्रशिक्षण महाअभियान सुबह 11 बजे से शाम 4बजे तक चल रहा है। सभी को चाय नाश्ता भोजन की व्यवस्था भी की गई है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अब आगे क्या होगा ।इस गणना के बाद आगे बढ़ते हुए हाथ में हाथ देकर सहयोग करना चाहिए। सभी परिवार को चाहिए कि सहयोग करें।सही जानकारी दे क्योंकि पहली बार डिजीटल गणना कर रहे हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में गूंजा नारी शक्ति वंदन माता-पिता को सिखाए बेहतर परवरिश के गुण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार पचमढ़ी सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्र नर्मदापुरम 06 एवं 08 में 'नारी शक्ति वंदन' और 'पोषण पखवाड़ा' का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस दौरान निर्धारित थीम के आधार पर माता-पिता के लिए ईसीसीई एवं प्रारंभिक देखभाल सत्र आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य थीम 'प्रारंभिक मस्तिष्क विकास' पर केंद्रित रही। उपस्थित अभिभावकों को जानकारी दी गई कि जीवन के शुरुआती वर्षों में बच्चों के मस्तिष्क का विकास सबसे तीव्र गति से होता है, इसलिए इस दौरान सही पोषण और भावनात्मक सहयोग अत्यंत आवश्यक है। केंद्र पर एक आकर्षक पोषण प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसके माध्यम से माताओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों के महत्व और उनके सेवन के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया।

पोषण पखवाड़े के अंतर्गत ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एएनएम हर्षाली लाखे ने उपस्थित महिलाओं को संतुलित आहार की आवश्यकता समझाई और समय पर टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टीका बच्चों को कई गंभीर बीमारियों से सुरक्षा कवच प्रदान करता है। कार्यक्रम का सफल संचालन और मार्गदर्शन सेक्टर पर्यवेक्षक रजनी वर्मा द्वारा किया गया।

## सामुदायिक भवन हेतु स्वेच्छा से 3600 वर्ग फुट जमीन शासन को दान कर पेश की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



माखन नगर ग्राम बम्होरी कला तहसील माखन नगर में भगवान सिंह उर्फ जीवन सिंह गुर्जर द्वारा ग्राम पंचायत में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए स्वयं की भूमि को शासकीय मद में दान कर समाज सेवा के लिए स्वप्रेरणा से आगे आए एवं ग्राम के जागरूक नागरिक के रूप में जमीन दान करने का निर्णय लेकर समाज को एक अच्छा संदेश दिया।

ज्ञात हो कि भगवान सिंह द्वारा दान किए जाने हेतु कलेक्टर महोदय द्वारा आवश्यक निर्देश, अनुमति प्राप्त प्रक्रिया उपरांत रजिस्टर्ड दान पत्र के माध्यम से जनपद पंचायत माखन नगर पंचायत को शासन के पक्ष में सामुदायिक भवन हेतु 3600 वर्ग फुट जमीन रजिस्टर्ड दान पत्र के माध्यम से दान की। इस अवसर पर महेंद्र चौहान तहसीलदार माखन नगर द्वारा भगवान उर्फ जीवन सिंह गुर्जर को इस परोपकारी कार्य के लिए फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि सरपंच पंचगनी एवं गांव के नागरिकों द्वारा उनके निर्णय की सराहना करते हुए समाज में प्रेरणा के लिए संदेश बताते हुए बताया शुभकामनाएं दी गई

## जनगणना के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जनगणना 2027 के सफल एवं प्रभावी संचालन के लिये प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को सेंट पैट्रिक स्कूल सोहागपुर में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी रामकिशोर झड़बड़े के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रथम बैच के अंतर्गत 21 सुपरवाइजर्स एवं 125 प्रगणकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण दौरान जनगणना कार्य की प्रक्रिया, मोबाइल ऐप के माध्यम से डाटा संकलन, जनगणना संबंधी नियम एवं फील्ड में आने वाली संभावित चुनौतियों के समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### तीखी गर्मी के कारण प्रायमरी व मिडिल स्कूलों के अवकाश की मांग

**सोहागपुर।** क्षेत्र में इन दिनों अति तीव्र गर्मी का मौसम है। जिसका प्रभाव लोगों पर बहुत बुरे तरीके से हो रहा है तथा लोग सिरदर्द, चक्कर आना, कमजोरी व घबराहट जैसे मौसमी प्रभावों से लगातार पीड़ति हो रहे हैं। सबसे अधिक बुरा हाल स्कूली बच्चों का है, जिन्हें रोजाना तीखी गर्मी के दौरान स्कूलों में अध्ययन करना पड़ रहा है। मामले में नागरिकों ने नर्मदापुरम कलेक्टर से मांग की है कि स्कूलों का पूर्ण अवकाश घोषित करें या स्कूलों का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच किया जाए। देवेंद्र दुबे का कहना है कि प्राइमरी एवं मिडिल स्कूलों के समय में परिवर्तन किया जाना चाहिए। ताकि बच्चे प्रतिदिन तीखी गर्मी की स्थिति के पहले घर पहुंच सकें।

### महिलाओं को 33%आरक्षण को लेकर महिला संगठन ने किया सोहागल का कार्य



**पिपरिया।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बीजनवाडा में स्थित एक निजी होटल में वैशाख मास के अवसर पर महिलाओं को सम्मानित करते हुए जो 33%आरक्षण की बात कही गई है।उसको लेकर सामुहिक सुहागलौ का आयोजन किया गया। अनेकानेक महिलाओं ने हिस्सा लिया गया। संचालक उपासना तिवारी यह आयोजन 13महिलाओ के द्वारा किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से सीता पटेल रीना शर्मा किरण कौरव ज्योति शर्मा निशा यादव सहित सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया।जो सफलता पूर्वक मनाया गया।

## आंगनबाड़ी में मनाया जा रहा शक्ति वंदन अंतर्गत पखवाड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मप्र जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में माखन नगर के सेक्टर 02 एक्सीलेंस आर्यन सेवा समिति द्वारा ग्राम गनेरा में नारी शक्ति अधिनियम पखवाड़ा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं एमएसडब्ल्यू छात्र कृष्ण कुमार झा महिला बाल विकास सुपरवाइजर श्रीमती कमलेश वर्मा सेक्टर प्रभारी एवं परामर्शदाता हर्ष तिवारी छात्रा सुनीता मीणा, ललिता मीणा, राधिका मीणा, रानी विश्वकर्मा ,शिल्पा राजपूत, यशोदा अहिरवार ,रंजन परसाई, राजकुमारी यादव, आदि ग्रामवासी मौजूद थी सर्व प्रथम माँ सरस्वती जी पूजन अर्चन किया गया सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया सभी ने अपने अपने विचार साझा किए सभी को जल गंगा अभियान की जानकारी प्रदान की।

### सांदीपनि स्कूल का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित

# 10वीं में 86% तथा 12वीं में 84% विद्यार्थी उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



अंकित अहिरवार



शांतनु पराशर



मयंक साहू।



धर्मेंद्र पटेल



आशीष कुशवाहा

सांदीपनि शासकीय एसजेएल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोहागपुर का कक्षा 10 वीं व 12 वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहे हैं। प्राचार्य राम किशोर दुबे ने बताया कि दोनों कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा में 84% से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। प्राचार्य दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 86.5% तथा कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम 84.6% रहा है। उन्होंने बताया कि कक्षा 12 वीं में आठ विषयों का परीक्षा परिणाम 100% है। हिंदी विषय में जीएस यादव तथा राधा यादव, गणित विषय में हेमलता दुबे, जीवविज्ञान विषय में रितु तिलसे, भूगोल विषय में शबाना खान, राजनीति शास्त्र विषय में रजनी नरवारे, लेखा शास्त्र विषय में सपना विनायक, संस्कृत विषय में रामकुमार पाठक तथा ईटी विषय में जितेंद्र अहिरवार को शत प्रतिशत परिणाम देने पर स्कूल प्रबंधन ने शुभकामनाएं दी हैं। प्राचार्य रामकिशोर दुबे के अनुसार कक्षा 12 वीं में 75% से अधिक विद्यार्थी शासन की लैपटॉप वितरण योजना के लिए पात्र पाए गए हैं। वहीं प्राचार्य रामकिशोर दुबे ने बताया कि 10 वीं में अंकित अहिरवार व शांतनु पाराशर ने 91% अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। द्वितीय स्थान पर अनुराग पटेल 90.6% हैं। तथा अनुराग मेहरा ने 90% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12 वीं में गणित संकाय में मयंक साहू ने 87%, कला संकाय में धर्मेंद्र पटेल ने 82% व कॉमर्स संकाय में आशीष कुशवाहा ने 84.6% अंक प्राप्त कर अपने-अपने संकायों में प्रथम स्थान पाया है। सभी विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन ने बधाई दी है।

## संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर की आर्थिक सहायता



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शिक्षा मां के पेट से जन्म नहीं लेती, उसके लिए अनुकूल परिवेश, आर्थिक मानसिक ,शारीरिक स्थिति की आवश्यकता होती है शिक्षा ही मानव का सर्वांगीण विकास करती है। शिक्षा के बिना मानव का बौद्धिक ,शारीरिक मानसिक विकास नहीं होता। इसी कड़वी सच्चाई को दूर करने के लिए मंगलमय विलास कॉलोनी , नर्मदापुरम निवासी समाजसेवी अनंत नारायण दुबे जी सेवानिवृत्त सिंचाई विभाग ने शास उच्च माध्य विद्यालय सोमलवाडा की कक्षा दसवीं की टॉपर छात्रा अदिति इवने जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हैं, छात्रा को रू 1001 की राशि द्वारा आर्थिक मदद कर आगे की पढ़ाई हेतु प्रोत्साहित किया। आर्थिक सहायता की राशि संस्था के शिक्षक वीरेंद्र यादव एवं मधु हुरमाडे को प्रदान की।

खबर संक्षेप



## शिविर लगाकर किया 718 का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 15 अप्रैल को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 515 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 203 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 112 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी, खरीदी व्यवस्था सुधारने पर जोर, किसानों के लिए विरोध प्रदर्शन जारी

# किसानों की 8 सूत्रीय मांगों पर गरजी कांग्रेस, प्लेट कांटे से तुलाई कराने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

कई खरीदी केंद्रों पर प्लेट कांटे की बजाय छोटे कांटों से तुलाई की जा रही है, जिससे छोटे किसानों से प्रति तुलाई 4 से 5 किलो तक अतिरिक्त गेहूं की कटौती की शिकायतें सामने आई हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरूंदा





तहसील मुख्यालय भैरूंदा में गुरुवार को किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया। इसके बाद एसडीएम सुधीर कुशवाह को 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

गोपालपुर, लाड़कुई और भैरूंदा ब्लॉक अध्यक्षों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में किसानों की प्रमुख समस्याओं को उठाया गया। कांग्रेस नेता संजय पटेल हवेली ने आरोप लगाया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में भारी अव्यवस्था व्याप्त है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई खरीदी केंद्रों पर प्लेट कांटे की बजाय छोटे कांटों से तुलाई की जा रही है, जिससे छोटे किसानों से प्रति तुलाई 4 से 5 किलो तक अतिरिक्त गेहूं की कटौती की शिकायतें सामने आई हैं। कांग्रेस ने मांग की कि सभी केंद्रों पर अनिवार्य रूप से प्लेट कांटे से ही तुलाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रति खरीदी केंद्र गेहूं खरीदी की सीमा बढ़ाने की मांग भी प्रमुख रही। वर्तमान में 1000 क्विंटल प्रतिदिन की सीमा को बढ़ाकर 3000 क्विंटल करने की मांग की गई, ताकि भीषण गर्मी में किसानों को लंबी कतारों से राहत मिल सके। साथ ही गेहूं खरीदी की अंतिम तिथि 5 मई से बढ़ाकर 30 मई करने की मांग भी उठाई गई।

स्लॉट बुकिंग और पंजीयन में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर भी प्रशासन को घेरा। उन्होंने कहा कि सेटेलाइट सत्यापन में गड़बड़ी के कारण कई किसानों का पंजीयन निरस्त हो रहा है, जबकि उनकी गिरदावरी और फसल सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके चलते किसानों को बार-बार ऑनलाइन केंद्रों और तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कांग्रेस ने मांग की कि पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाते हुए कंप्यूटर आधारित सत्यापन को ही मान्य किया जाए।

चना खरीदी को लेकर भी किसानों ने परेशानी जताई। पूरी तहसील में मात्र एक ही खरीदी केंद्र होने से किसानों को दूर-दराज तक जाना पड़ रहा है। कांग्रेस ने गोपालपुर, लाड़कुई, सेमलपानी, इटावा-इटारसी और पिपलानी सहित विभिन्न स्थानों पर नए खरीदी केंद्र खोलने की मांग की।

इसके अलावा सोसायटियों में पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, ऋण वसूली की तिथि 30 मई तक बढ़ाने, पराली जलाने के मामलों में दर्ज प्रकरण वापस लेने और मूंग खरीदी की तिथि घोषित करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष चंदर मीना, सुनील गोल्या, सुभाष पटेल, संजय हवेली, राजकुमार पटेल, द्वारका जाट, संतोष शर्मा, राजेश पटेल, मुकेश पंवार, दुर्गेश पंवार, अंकित पंवार, रामनिवास जाट, विकास शर्मा, राजाराम, संतोष कक्का, अशोक भाटी, सरवर खान, संजय शर्मा, नारायण पंवार, संतराम पंवार, सूरत मकवाना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने किसानों और कांग्रेस प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को शासन स्तर तक भेजा जाएगा और जल्द ही समाधान का प्रयास किया जाएगा। वहीं तहसीलदार सौरभ शर्मा ने कहा कि वर्तमान में किसी भी किसान का सत्यापन लंबित नहीं है, तकनीकी कारणों से स्लॉट बुकिंग में दिक्कत आ रही है, जिसे शीघ्र ही दूर कर लिया जाएगा।

# कार्यकर्ता को वैचारिक रूप से भी होना चाहिए मजबूतः कार्तिकेय

### गुड़भेला बरखेड़ी भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




गुरुवार को इछावर विधानसभा क्षेत्र के गुड़भेला बरखेड़ी भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं के लिए सोया चौपाल रफीगंज चौराहा स्थित होटल रेडीऐंट में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए अतिथियों का मंडल अध्यक्ष नीरज परमार और रामस्वरूप मेवाड़ा ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ उपरांत केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह ने बेचारिक अधिष्ठान वेचारिक आधार, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा ने भाजपा का इतिहास, जितेंद्र गोंड ने बुथ प्रबंधन एवं मन की बात, दो गगन नामदेव ने सोशल मीडिया नमो एप, मारुति ससुर ने कार्य पद्धति और बाबूलाल पटेल ने कार्य बिस्तर विषय पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रमुख रूप से भाजपा जिला मंत्री पंकज गुप्ता, नगर पालिका सीहोर अध्यक्ष प्रिंस राठौर, धारा सिंह पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन, युवा भाजपा नेता विष्णु वर्मा, महेश परमार, संदीप वर्मा, बिन्नी अरोरा, गजराज परमार, वरदान मेवाड़ा, नितेश पटेल, ठाकुर प्रसाद मेवाड़ा, शंकर पटेल, बलराज परमार, विवेक राय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मारवाड़ी महिला संगठन के चुनाव हुए मंजू अग्रवाल अध्यक्ष मनोनीत की गईं







**सीहोर।** मारवाड़ी महिला संगठन महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और राहत कार्यों के माध्यम से समाजसेवा में सक्रिय है। यह संगठन रक्तदान, अंगदान, बाल विकास, पर्यावरण संरक्षण और निर्धन छात्राओं को छात्रवृत्ति जैसी सेवाएं प्रदान करता है। साल भर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके लिए मारवाड़ी महिला संगठन की सभी सदस्यों द्वारा चयन प्रक्रिया सर्वसम्मति गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष मंजू अग्रवाल बयाबरावाले, कोषाध्यक्ष पुष्पा सोनी, सचिव विनीता सोनी, उपाध्यक्ष आभा कसाट सह सचिव, मौना चौरासिया मनोनीत की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने बताया कि संगठन के द्वारा आगामी दिनों में महिला सशक्तिकरण आदि के विषय में शीघ्र ही रूपरेखा बनाकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेशिक चुनाव में रजनी बाहेती को संस्कार समिति प्रकल्प प्रमुख चुना गया, प्रमुख प्रकल्प रुठिया, ममता पितलिया, इंदु भावसार, निर्मला व्यास, गीता सोडाणी प्रतिभा झवर, संगीता राठी, राधा शर्मा, सरोज सोनी, किरण सोनी, मंजू भारतीय, ज्योति अग्रवाल, ज्योति रूठिया, मोना चौरसिया संध्या विजयवर्गीय, शशि विजयवर्गीय, राजू पालीवाल ज्योति सोनी सभी सदस्यों की उपस्थिति में चयन प्रक्रिया संपन्न हुई और सभी के द्वारा शुभकामनाएं दीं गई।

# बाबा साहब के चल समारोह में जनसैलाब से सामाजिक एकता की दिखी अनुपम झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेहटी



भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के पावन उपलक्ष्य में रेहटी की सड़कों पर वैचारिकी का एक अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। नगर में आयोजित भव्य चल समारोह ने न केवल जन-भागीदारी के नए कीर्तिमान स्थापित किए, बल्कि समाज की सामूहिक कृतज्ञता और संवैधानिक गौरव की एक नई मिसाल भी पेश की।

इस ऐतिहासिक आयोजन का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष मुकेश आजाद ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब के विचार ही हमारे समाज की असली धरोहर हैं। कार्यक्रम की सफलता में जिला सचिव राम चौहान और जिला उपाध्यक्ष अरुण बरडे की रणनीतिक भूमिका रही, जिन्होंने पूरे चल समारोह को एक अनुशासित और प्रेरक स्वरूप प्रदान किया।

समारोह में विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी गौरवशाली परंपराओं के साथ सहभागिता की, जो सामाजिक समरसता की दिशा में एक सशक्त कदम रहा। समारोह का शुभारंभ तहसील अध्यक्ष राजेन्द्र जानपुरे और जिला महासचिव सुशील बरखने की गरिमामय उपस्थिति में बाबा साहेब के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यकर्ताओं और सामाजिक बंधुओं ने बाबा साहेब के मूलमंत्र ₹पढ़ो, लिखो, संगठित रहो और संघर्ष करो₹ का सामूहिक संकल्प लिया और समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा की अलख जगाने की प्रतिज्ञा की। इस दौरान कोषाध्यक्ष गंगाप्रसाद घनवारे ने संपूर्ण यात्रा के दौरान सुव्यवस्थित प्रबंधन सुनिश्चित किया। जब यह चल समारोह नगर के मुख्य मार्गों से निकला, तो हर्ष और उल्लास का माहौल रहा। विशेष रूप से क्षेत्र के विभिन्न आदिवासी संगठनों और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। समापन अवसर पर संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पठन किया गया, जहाँ सभी ने संवैधानिक मूल्यों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता जताई। इस ऐतिहासिक क्षण में रेहटी के समस्त ऊर्जावान कार्यकर्ता गण, आदिवासी युवा और प्रबुद्ध नागरिक पूर्ण समर्पण के साथ उपस्थित रहे।

# आशा कार्यकर्ताओं ने प्रोत्साहन राशि में गड़बड़ी का लगाया आरोप, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**बुधनी।** विकासखंड में पदस्थ आशा कार्यकर्ताओं ने वार्षिक प्रोत्साहन राशि में अनियमितता का आरोप लगाते हुए एसडीएम एवं अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि शासन द्वारा प्रति वर्ष दी जाने वाली 10,000 रूपये की प्रोत्साहन राशि इस बार उनके खातों में जमा नहीं की गई, जबकि उनसे पहले ही बिल जमा करवा लिए गए थे।

ज्ञापन में बताया गया कि करीब 140 आशा कार्यकर्ताओं से तीन माह पूर्व स्टेशनरी व अन्य खर्चों के बिल लिए गए थे और जल्द भुगतान का आश्वासन दिया गया था अब अधिकारियों द्वारा यह कहा जा रहा है कि सामाग्री उच्च स्तर से खरीदी गई है, इसलिए राशि नहीं दी जाएगी। कार्यकर्ताओं ने अन्य विकासखंडों, विशेषकर आष्टा में राशि वितरण होने का हवाला देते हुए भेदभाव की आशंका जताई है उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी मेहनत की राशि रोकी जा रही है। आशा कार्यकर्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा लंबित राशि शीघ्र जारी करने की मांग की है ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री,स्वास्थ्य विभाग और जिला कलेक्टर को भी भेजी गई है पहले आशा कार्यकर्ता बीएमओ डॉक्टर डी बडोदिया से मिलीं परन्तु उन्होंने सीएमएचओ से मिलने की बात कही। एसडीएम डीएस तोमर ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओ ने ज्ञापन दिया है जिसे उच्च अधिकारियों को भेजा जा रहा है।

## प्रतिभाओं का डंकाः एकलव्य क्रिकेट एकेडमी के दो खिलाड़ियों का भोपाल डिवीजन टीम में चयन



**सीहोर।** खेल जगत में सीहोर की पहचान को मजबूत करते हुए स्थानीय एकलव्य क्रिकेट एकेडमी के दो प्रतिभावान खिलाड़ियों ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। एकेडमी की निशिता विश्वकर्मा और अरब मसीह का चयन प्रतिष्ठित भोपाल डिवीजन टीम में हुआ है। यह सफलता एकेडमी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है, क्योंकि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी यहां के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय मंच पर अपनी जगह बनाई है। उनकी सफलता पर कोच अतुल कुशवाहा सहित अन्य ने बधाई दी है। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि अरब मसीह और निशिता विश्वकर्मा सालों से बीएसआई पर एकलव्य अकादमी में खेलते हुए आ रहे है। चयनित खिलाड़ी आगामी दिनों में विभिन्न शहरों में आयोजित टूर्नामेंट में भोपाल डिवीजन का प्रतिनिधित्व करेंगेः निशिता विश्वकर्मा (सीनियर बालिका वर्ग): निशिता के मैच 20 अप्रैल से 23 अप्रैल तक इंदौर में आयोजित होंगे। वे चंबल, जबलपुर, शहडोल और सागर डिवीजन जैसी मजबूत टीमों के विरुद्ध मैदान में उतरेंगी। इसके अलावा अरब मसीह (अंडर-18 बालक वर्ग) अरब मसीह 19 से 22 अप्रैल तक जबलपुर में रेस्ट ऑफ एमपी के विरुद्ध होने वाले महत्वपूर्ण मैचों में अपनी बल्लेबाजी और कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

# भव्यता से मनाई सेन महाराज की जयंती, निकाली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेहटी

रेहटी नगर में श्री सेन जी 'महाराज जयंती बडे ही हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में आकर्षक शोभायात्रा ( चल समारोह) निकाली गई. जो नगर के विभिन्न म्ार्गोंसेहोते हुए बागबान गार्डन पहंची ।

शोभायात्रा के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा और जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फल वर्षा कर स्वागत किया। नगर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के महिला एवं परुष उपस्थित रहे, जिन्होंने 'पूरे उत्साह के साथ सहभागिता निभाई । बागबान 'गार्डन में आयोजित मुख्य समारोह में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक बंधओ ने बढ़-चढकर भाग लिया और श्री सेन महाराज के जयकारों ' से वातावरण गंजायमान हो उठा। इसके पश्चात मिलन समारोह का आयोजन किया गया. जहां समाजजनों ने आपसी स्नेह एवं एकता का संदेश दिया । अंत में स्नेहभोज का आयोजन किया गया. जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस प्रकार यह संपर्ण आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता एवं भाईचारे के वातावरण में सफलतापवक संपन्न हआ।

कार्यक्रम में समाज ' के कश शिल्पी यनियन रेहटी 726वी जंयती अध्यक्ष अतुल सेन, उपाध्यक्ष अशोक सेन ( कोसम वाले) मुकेश सेन( वकील साहब ) आशीष सेन, विजय सेन, लक्ष्मीनारायण सेन,राकेश सेन, कर्मेंद्र सेन मकेश सेन. धीरज सेन, पर्व अध्यक्ष अशोक सेन 'रामेश्वर सेन, रामविलास जी सुन्दरलाल , संजय सेन , दयाराम .भीम सिंह. केवल राम 'मोहन लाल शिवनारायण, अनिल लखनलाल, रेवाशकर, देवी दयाल के सहित गणमान्य नागरिकों मौजूद सहैं।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को त्वरित इलाज के लिये निर्देश दिए। पीएम राहत योजना के तहत चिकित्सालयों में पीड़ितों के इलाज की कैशलैस योजना के प्रभावी रूप से क्रियान्वयन के लिये पुलिस, परिवहन, एनआईसी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकरियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में जानकारी दी गई कि पीएम राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दुर्घटना की तिथि से 07 दिनों तक प्रति व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। जीवन को खतरा नहीं होने की स्थिति में अधिकतम 24 घंटे तथा गंभीर मामलों में अधिकतम 48 घंटे तक स्टेबलाइजेशन उपचार प्रदान किया जाता है। कलेक्टर बालागुरू के. ने सड़क दुर्घटना में मृत एवं घायलों को मिलने वाली राहत राशि के प्रकरणों पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दियें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाए तथा ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन का प्रस्ताव भी भेजा जाए। सड़क दुर्घटनाएं रोकने हेतु ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उनके रेक्टिफिकेशन की कार्रवाई निरंतर की जाए और प्रत्येक माह दुर्घटनाओं का विश्लेषण कर रिपोर्ट बैठक में प्रस्तुत की जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में दो ब्लैक स्पॉट कम हुए हैं।

### कंचन विहार विश्वनाथपुरी परिसर में श्रीराम कथा का वाचन

# भक्त परम पद पा लेता है तो वह संसार के माया मोह बंधनों से मुक्त हो जाताःउद्धवदास महाराज





केवट ने प्रभु राम की स्वर्ण मुद्रांक लौटकर यह संदेश दिया कि जब भक्त परमपद को पा लेता है तो वह संसार के माया बंधनों से मुक्त हो जाता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के कंचन विहार विश्वनाथपुरी परिसर में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में जारी नौ दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान महंत उद्धवदास महाराज ने भगवान श्रीराम और केवट का सुंदर प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। केवट के यह कहने पर कि प्रभु तुम्हारी और हमारी जाति एक ही है बस अंतर इतना है कि मैं लोगों को गंगा पार करवाता हूं और आप जीवात्माओं को भावसागर पार कराते हो।

मैं गंगा सागर का केवट हूं और आप संसार सागर के केवट हो। निःसंदेह वनवासी उन्होंने कहा कि भगवान के काम के लिए हमें यदि संसार की निंदा और तिरस्कार भी सहन करना पडे तो हमें खुद को सौभाग्यशाली समझना चाहिए, बहुत कम लोग परहित के लिए अपने माथे पर दोष लेते हैं। रामायण में जिस कैकेयी को सबकी बुराई और अपमान सहन करना पडा, उस कैकेयी ने प्रभु की इच्छा से ही वनवास भेजने का कलंक अपने माथे पर लिया। भगवान केवल रावण को मारने के लिए वन नहीं गए बल्कि केवट, निषाद, शबरी, जटायु, सुतीक्ष्ण जैसे भक्तों के लिए वन गए जो सहस्त्र वर्षो से मन में प्रगाढ विश्वास लिए भगवान के दर्शन की राह देख रहे थे। भगवान के इस काम में कैकेयी ने उनकी सहायता की, यदि कैकेयी नहीं होती तो संसार और भक्तों का कल्याण नहीं हो पाता इसलिए कैकेयी निंदनीय नहीं बल्कि वंदनीय है। आजकल बुराई का जमाना है, लोगों को परनिंदा करने में बहुत सुख मिलता है। निन्दा करने से सामने वाले के पाप तो नष्ट हो जाते हैं किन्तु निन्दा करने वाले के खाते में जुड़ जाते है। इसलिए सबसे अच्छाई ही देखे, बुराई का दर्शन न करें।